आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.01.2025 समय : 1905

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि कोई भी देश तब तक आगे नहीं बढ सकता, जब तक कि उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह समर्पित न हों।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया गया है।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव में भारी संख्या में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लेने के लिए पहुंच रहे हैं।
- दक्षिण अंडमान के उप–पंजीयक कार्यालय ने स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क संग्रह में अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की है।
- फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि कोई भी देश तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक कि उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह समर्पित न हों। दिल्ली, में एन सी सी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 में श्री धनखड ने कहा कि भारत के विकास के लिए राष्ट्रवाद, संगठन और राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश का बदलाव पांच बुनियादी सिद्धांतों पर निर्भर है। प्रत्येक नागरिक को प्रगति का पथ प्रदर्शक बनाते हैं और यह पंच प्राण हमारे समाज के रगों में बहते हुए एक अजय राष्ट्रवादी भावना का निर्माण करते हैं, जो व्यक्तिगत जिम्मेवारी पारंपरिक मूल्य और पर्यावरण चेतना और सांस्कृतिक गौरव, एकता और आत्मनिर्भरता की ओर यात्रा को ले जाते हैं।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य नागरिकों के निजी डेटा की सुरक्षा के अधिकारों की रक्षा करना है। सरकार ने कहा है कि यह नियम तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए बनाए गए हैं। इसमें डाटा के अनाधिकृत उपयोग डिजिटल नुकसान और व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन जैसी विशेष

चुनौतियों के समाधान का भी प्रावधान है। नियम नागरिकों को उनके डेटा पर अधिक नियंत्रण देकर उन्हें सशक्त बनाते हैं। शिकायत निवारण जैसे प्रावधान भी डिजिटल प्लेटफार्म में विश्वास बढ़ाते हैं। नागरिक जुड़ाव के महत्व को देखते हुए सरकार ने एक व्यापक जागरूकता अभियान की भी योजना बनाई है। यह पहल नागरिकों को नए ढ़ाचे के तहत उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करेगी, जिससे डाटा जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा साथ ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं।

<><><><><><><>

फ्रांस का परमाणु चालित विमानवाहक चार्ल्स डी गॉल नौसैनिक अभ्यास वरुण के लिए कल गोवा पहुंचा। इस बयालिसवें वार्षिक अभ्यास में फ्रांस की ओर से युद्धक विमान राफेल की भी भागीदारी होगी। पश्चिमी कमान के अनुसार, इस अभ्यास से दोनों देशों की नौसेना के बीच मिलकर काम करने की समझ मजबूत होगी।

फ्रांस वर्ष 2008 से ही हिंद–प्रशांत नौसैनिक सिम्पोजियम का सदस्य है। इस संगठन की पहल भारत ने ही की थी और इसमें पच्चीस देशों की नौसेना शामिल है। इसका उद्देश्य तस्करी, अवैध रूप से मछली पकड़ने, समुद्र में तलाशी और बचाव अभियान तथा प्रदूषण से निपटने के लिए मिलकर काम करना है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम के समय लोगों की भीड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लेने के लिए प्रदर्शनी मैदान और मरीन एस्पलेनेड में पहुंच रही हैं। लोगों ने कल स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीत–संगीत के कार्यक्रमों का आनन्द उठाया। कल शनिवार होने के कारण लोगों की भारी भीड़ द्वीप पर्यटन महोत्सव में शामिल हुई। लोगों ने भी कलाकारों के साथ नृत्य और संगीत में साथ देकर उनका हौसला बढ़ाया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभाग की विकासीय गतिविधियों को दर्शाया गया है। खान–पान के स्टॉलों में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज द्वीप पर्यटन उत्सव का समापन होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप–पंजीयक कार्यालय ने बाईस अक्तूबर 2019 को ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के कार्यान्वयन के बाद से दिसंबर 2024 के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क संग्रह में अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि हासिल की है। दिसंबर 2024 में, कार्यालय ने दिसंबर 2023 की तुलना में राजस्व संग्रह में

उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की। स्टम्प ड्यूटी में चार करोड़ तिरपन लाख चवालिस हज़ार पांच सौ छियालिस रूपए और पंजीकरण शुल्क में सतानब्बे लाख इक्यावन हज़ार तीन सौ अट्ठासी रूपए की वृद्धि दर्ज़ की गई। यह उपलब्धि कार्यालय द्वारा जनता की सुविधा बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किए जा रहे, प्रयासों को दर्शाती है। सेवा दक्षता में और सुधार करने के लिए, राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से सभी प्रकार के कार्यों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण स्लॉट की संख्या–आठ से बढ़ाकर बारह स्लॉट प्रतिदिन कर दी गई है। इस वृद्धि का उद्देश्य कार्यालय में भीड़भाड़ को कम करना, पंजीकरण के लिए भीड़ को कम करना, पहले से अपॉइंटमेंट की तारीखें प्रदान करना, तेज़ और सुचारू पंजीकरण सेवाएँ सुनिश्चित करना और सभी कार्यों का समय पर निपटान करना शामिल है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभी पूर्व शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए बी.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष के बकाया पेपरों के लिए सत्ताईस जनवरी, से थ्योरी परीक्षा आयोजित करने की समय–सारणी टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय को प्राप्त हो गई है। बी.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष के इच्छुक पूर्व शिक्षक प्रशिक्षुओं को बकाया पेपरों के विवरण और अपेक्षित परीक्षा शुल्क के साथ नौ जनवरी को या उससे पहले कॉलेज में जमा करना होगा। नौ जनवरी, के बाद किसी भी कारण से कॉलेज द्वारा इसके लिए कोई पंजीकरण नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

फिट इंडिया सप्ताह के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 'फिट इंडिया, स्वस्थ भारत' या 'आदिवासियों के लिए खेल' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि चौबीस दिसंबर थी। प्रतियोगिता में जी डी एम एस, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मायाबंदर, कार्मेल स्कूल, एम जी आई एस, जे एन वी और एन सी एस जैसे विभिन्न स्कूलों से सौ से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। सभी प्रस्तुत प्रविष्टियाँ जानकारीपूर्ण और सुंदर ढंग से प्रस्तुत की गई थीं। विजेताओं का चयन विचारों की नवीनता के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सेंट मैरीज़ स्कूल, मोहनपुरा के आर. विहान कुमार ने जीता, जबकि दूसरा पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय, छोलदारी के इरफान और महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल के एस. महेशराजा ने संयुक्त रूप से जीता। तीसरा पुरस्कार सेंट मैरीज स्कूल, मोहनपुरा के अधिश्री बाउल को मिला। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जो डाक द्वारा उनके संबंधित स्कूलों को भेजे जाएँगे।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में बारह से अट्ठारह जनवरी तक विवेकानन्द मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर उनकी गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का भी आयोजन होगा। स्टॉल लगाने के इच्छुक निजी दुकानदार और व्यवसायी मेला सचिव, कार्यकारी सदस्य या मेला समिति के अध्यक्ष से फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए पूर्ण दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करने को कहा गया है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म पन्द्रह फरवरी तक संबंधित अंचल कार्यालयों में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने पुलिस लाईन स्थित पुलिस कल्याण एसोसिएशन के एफ पी एस संख्या चौंतीस में पंजीकृत सभी राशन कार्ड धारकों से जनवरी दो हजार पच्चीस के बाद से अपना राशन नयागांव स्थित श्रीमती गुरूअम्मल एफ पी एस संख्या चौदह से लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>